जो 4 मेहमान होटल आए थे वे लंबे समय से उनके दोस्त और फैमिली मेंबर हैं। शाहीन शाह अफरीदी ने ही उनसे रिक्वेस्ट किया था कि उनके दोस्तों को अंदर लाने में मदद करें।

– सिकंदर रजा

पाक खिलाड़ी, होटल की सुरक्षा के आरोप को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी मोहम्मद शमी

टीम इंडिया से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने संन्यास पर कहा कि, जब मैं थक जाऊंगा, मैं उस दिन खेल छोड़ दूंगा। लेकिन अभी मैं रिटायरमेंट के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं, क्योंकि ऐसी सोच आपको पीछे खींचती है। अगर ये विचार आपके मन में आता है तो इसका मतलब है कि आप बोर हो गए हैं और मैंने ये पहले भी कहा है जिस दिन मैं सुबह उठूंगा और ये तय करूंगा कि मैं बोर हो गया हूं, उसी दिन मैं क्रिकेट छोड़ दूंगा। तो हां, जिस दिन मुझे आलस आएगा या मैं बोर हो जाउंगी, मैं क्रिकेट छोड़ दूंगा।

"भारत ने अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ 297/6 का स्कोर बनाया, जो टी-20 इतिहास में किसी भी फुल मेंबर टीम का सर्वोच्च स्कोर है।

जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने सुराना एकेडमी को हराया, सिद्धि शर्मा ने चार विकेट लिये

जयपुर, 31 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने सुराना एकेडमी को 8 विकेट से हराया। सुराना एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरजू विश्नोई के 15 रन, कृति उपाध्याय के 10 रन, भूमिका जांगिड़ के 14 रन, आकृति यादव के 12 रन से 29 ओवर में 94 रन बनाकर आउट हो गई। जयपुर क्रिकेट एकेडमी के लिए सिद्धि शर्मा ने 11 पर 4, प्रिया सामोता ने 22 पर 3, मैना सियोल व वेदिका सिंह ने एक – एक विकेट लिए। जवाबी पारी में जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने शिवानी चौधरी के 32 रन, सीमा जाट के 42 रन नाबाद से 19.5 ओवर में 2 विकेट पर 95 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुराना एकेडमी के लिए भूमिका जांगिड़ व आरजू विश्नोई ने एक – एक विकेट लिया।

स्टेट लेवल यूथ कंप अंडर-17 नैना एकेडमी ने केएमआर एकेडमी को हराया

जयपुर, 31 मार्च। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर –17 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैच में नैना एकेडमी ने के एम आर एकेडमी को 5 विकेट से हराया। नैना ग्राउंड पर के एम आर एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए माधव गोपाल के 40 रन, अमन चौधरी के 46 रन, जीतू के 48 रन, हर्ष पांडे के 19 रन, वीर के 14 रन व कृष्ण के 12 रनो से 35 ओवर में 8 विकेट 195 रन बनाए नैना एकेडमी के लिए आरव चौधरी ने 34 पर 2, आशीष शर्मा ने 38 पर 2, ऋषभ, आशीष प्रजापत व कल्पेश शर्मा ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में नैना एकेडमी की टीम को बारिश से बाधित मैच में वी जे डी नियम से 22 ओवर में 137 रनो का लक्ष्य मिला जो 19.5 ओवर में 5 विकेट पर प्राप्त कर लिया नैना एकेडमी के लिए मानव रोधा ने 38 रन, रोहित चार्नेल ने 38 रन, निश्चल शर्मा ने 16 रन व उर्मित सिंह ने नाबाद 15 रन बनाए। के एम आर एकेडमी के लिए कृष्णा, जीतू व अमन चौधरी ने एक – एक विकेट लिया।

पंच गौरव योजना के तहत चौगान स्टेडियम में हुआ कबड्डी शिविर का आयोजन

जयपुर, 31 मार्च। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर के चौगान स्टेडियम में पंच गौरव – एक जिला, एक खेल योजना के तहत कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं स्पोर्ट्स शूज प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में यह भी उल्लेख किया गया कि चौगान स्टेडियम से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी निकलकर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। यह कबड्डी प्रशिक्षण शिविर 22 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। शिविर में कुल 22 बालक एवं 22 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग को कोच श्री फूलचंद गुर्जर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जबकि बालिका वर्ग में महिला कोच आशा चौधरी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला खेल अधिकारी मान सिंह निर्वाण ने बताया कि पंच गौरव – एक जिला, एक खेल राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में चयनित खेल को बढ़ावा देकर स्थानीय प्रतिभाओं को निखारना एवं उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

भारतीय वुशू टीम ने रचा इतिहास

जयपुर 31 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय वुशु संघ के तत्वावधान में दिनांक 23 से 31 मार्च 2026 तक तिआनजिन, चीन में आयोजित 10वीं विश्व जूनियर वुशु प्रतियोगिता में भारतीय वुशु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदकों सहित कुल 9 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वूशू संघ एवं सचिव, राजस्थान वूशू संघ, ने स्वर्ण पदक विजेताओं में थोंगाम उपेन्द्रो (45 किग्रा जूनियर बालक), नोंगमैथेम (52 किग्रा जूनियर बालक) तथा लोइतोंगबाम विक्टर (52 किग्रा यूथ बालक), रजत पदक मे युगराज (48 किग्रा यूथ), कोंथौजाम देविकरानी देवी (ताईची इवेंट), कांस्य पदक विजेताओं में गौतम मनकास (48 किग्रा जूनियर), अनु (48 किग्रा यूथ), राजकुमारी लांचेनबी चानू (चांगक्वान गर्ल्स) तथा कोंथौजाम देविकरानी देवी (ताईजिक्वान) को बधाई दी।

राजस्थान के कुशाग्र बीसीसीआई अंडर-19 हाई परफॉरमेंस कैंप हेतु बेंगलुरू जायेंगे

जयपुर 31 मार्च। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के युवा प्रतिभावान खिलाडी कुशाग्र ओझा को बीसीसीआई की आल इंडिया जूनियर चयन कमेटी ने बंगलुरु में बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले अंडर हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित किया गया है। कुशाग्र ओझा बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में आगामी दिनांक 11 मई से दिनांक 9 जून तक आयोजित होने वाले अंडर 19 हाई परफॉरमेंस कैम्प में भाग लेंगे।

पंजाब ने गुजरात को 3 विकेट से हराया

// डेब्यू मैच में कूपर कोनोली की फिफ्टी //

मुल्लापुर, 31 मार्च। आईपीएल 2026 के चौथे मुकाबले में न्यू चंडीगढ़ में खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीटी ने 20 ओवर में 163 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे पंजाब किंग्स ने कूपर कोनोली की दमदार पारी की मदद से 19.1 ओवर में हासिल कर लिया।

मुल्लापुर न्यू चंडीगढ़ के यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और साई सुदर्शन 11 गेंदों में 13 रन बनाकर मार्को यान्सेन का शिकार हो गए। इसके बाद शुभमन गिल और जोस बटलर ने परिस्थिति को संभालने की कोशिश की। हालांकि, युजवेंद्र चहल ने गिल को ज्यादा देर मैदान पर नहीं टिकने दिया और वे 27 गेंदों में 39 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जोस बटलर को भी चहल ने ज्यादा देर नहीं टिकने दिया और वे भी 33 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट हुए। बटलर से पहले ग्लेन फिलिप्स को विजय कुमार वैशाक ने पवलियन भेजा। वैशाक ने शानदार गेदंबाज करते हुए वाशिंगटन सुंदर और शाहरूख खान को क्रमश: 18 और 4 रनों के निजी स्कोर पर पवेलेयिन भेजा। पंजाब किंग्स की ओर से चहल ने दो, वैशक ने 3 और मार्को यान्सेन ने एक विकेट हासिल किया।

दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जांयट्स के बीच कांटे की टक्कर

लखनऊ, 31 मार्च। आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाना है। लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलती है।आईपीएल में अब तक इन दोनों टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मुकाबले दिल्ली ने जीते हैं, जबकि 3 मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों के बीच कुल 2 मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स विजयी रही थी। दिल्ली अपने इस दबदबे को इस सीजन भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

दिल्ली की टीम इस सीजन काफी संतुलित नजर आ रही है। टॉप ऑर्डर में टीम के पास केएल राहुल का अनुभव मौजूद है। राहुल का प्रदर्शन पिछले सीजन कमाल का रहा था और उन्होंने 13 मैचों में 149 के स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए थे। राहुल के जोड़ीदार के तौर पर पृथ्वी शॉ को मौका मिल सकता है। अभिषेक पोरेल ने भी आईपीएल 2025 में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। पोरेल ने 13 मैचों में 146 के स्ट्राइक रेट से 301 रन बनाए थे। करुण नायर, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर से भी इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मिलर के आने से टीम का मध्यक्रम और ज्यादा संतुलित दिख रहा है। समीर रिजवी और आशुतोष शर्मा फिनिशर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स का टॉप ऑर्डर काफी दमदार दिख रहा है। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम से इस सीजन भी टीम को बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं, निकोलस पूरन अकेले दम पर किसी भी मैच का रुख पलट सकते हैं। हालांकि, कप्तान ऋषभ पंत की फॉर्म लखनऊ टीम के लिहाज से काफी अहम होगी। हालांकि, लखनऊ का मिडिल ऑर्डर कमजोर दिख रहा है।

बीसीसीआई के समर्थन में उतरे, पारम्परिक केंद्र ही नहीं हर जगह खेले जायें टेस्ट : गांगुली

नई दिल्ली, 31 मार्च। भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। गांगुली ने स्पोटर्सस्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा ," ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।" उन्होंने कहा ," हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिये।" गुवाहाटी नवंबर 2025 में ही टेस्ट केंद्र बना और वहां एक साल के भीतर दूसरा टेस्ट होने जा रहा हैं। वहीं अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर पिछले साल अक्टूबर में ही टेस्ट हुआ था। वानखेड़े स्टेडियम पर आखिरी टेस्ट नवंबर 2024 में खेला गया था। बीसीसीआई के कैलेंडर के अनुसार कोलकाता (तीन जनवरी , 2027) और मुंबई (नौ जनवरी, 2027) में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे होंगे जबकि दिल्ली में इस साल 13 दिसंबर को श्रीलंका के खिलाफ वनडे खेला जायेगा। पहली बार इस मसले पर बोलते हुए बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा ," पूरे भारत में अच्छे स्टेडियम है। चेन्नई , गुवाहाटी और रांची में टेस्ट होते देखकर अच्छा लगता है।वहां सुविधायें काफी अच्छी है।" वहीं भारत के पूर्व स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा ," हमारे समय में कोलकाता, कानपुर, चेन्नई , दिल्ली और मुंबई में ही टेस्ट होते थे। उसका अपना आकर्षण था और मुझे लगता है कि फिर ऐसा ही होना चाहिये।" गांगुली ने इस मौके पर यह भी कहा कि ईडन गार्डंस पर 2001 की टीम के मिलने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा ," हम ईडन पर यह समारोह करेंगे। इस महीने की शुरूआत में होना था लेकिन सचिन तेंदुलकर के बेटे की शादी के कारण देर हो गई।

मरियम नवाज को महारानी कहना पड़ा महंगा, नसीम शाह पर पीसीबी ने ठोका 2 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली, 31 मार्च। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को तेज गेंदबाज नसीम शाह पर विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए दो करोड़ पाकिस्तानी रुपये (72,000 डॉलर) का भारी जुर्माना लगाया लेकिन अब इस पोस्ट को हटा दिया गया है। इस पोस्ट में क्षेत्रीय संकट के दौरान पाकिस्तान सुपर लीग के उद्घाटन मैच में पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की मौजूदगी की आलोचना की गई थी। 2026 पीएसएल के पहले मैच के दौरान किए गए इस पोस्ट में गद्दाफी स्टेडियम में मरियम को दिए गए 'महारानी' जैसे शाही स्वागत पर व्यंग्य किया गया था। मरियम पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भतीजी हैं। मरियम के संदर्भ में नसीम ने पोस्ट किया था, "उन्हें लॉर्ड्स की महारानी की तरह व्यवहार क्यों किया जा रहा है? " यह घटना तब हुई जब पीसीबी ने खाड़ी युद्ध के मद्देनजर ईंधन बचाने और सरकारी खर्च में कटौती के उपायों का पालन करने के लिए लाहौर और कराची में पीएसएल मैचों में प्रशंसकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पीसीबी ने घोषणा की कि उसकी अनुशासन समिति ने नसीम को अपने केंद्रीय अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने और सोशल मीडिया दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने का दोषी पाया है। मरियम के पीएसएल के उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर गद्दाफी स्टेडियम पहुंचने के तुरंत बाद नसीम को 27 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। ट्वीट को तुरंत हटा दिया गया था और यह दावा किया गया था कि अकाउंट हैक हो गया था लेकिन पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को स्वीकार नहीं किया। बोर्ड ने कहा कि नसीम ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया था और अपने व्यवहार के लिए बिना शर्त माफी भी मांगी थी, लेकिन अनुशासन समिति ने उन्हें अनुशासनहीनता का दोषी पाया।

चेस कैंडिडेट्स में प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

नई दिल्ली, 31 मार्च। साइप्रस के पाफोस में चल रहे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने दूसर राउंड में चीन के वेई यी के खिलाफ ड्रॉ खेला। दूसरे राउंड में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। विमेंस में दिव्या देशमुख ने वैशाली रमेशबाबू से ड्रॉ खेला। दो राउंड के बाद फैबियानो कारुआना, आर प्रज्ञानानंदा और जावोखिर सिंदारोव 1.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। पहले राउंड में जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने दूसरे दिन भी अच्छा खेल दिखाया और काले मोहरों से वेई यी पर दबाव बनाया। हालांकि वेई यी ने अंत में शानदार वापसी कर मुकाबला बराबरी पर खत्म किया। प्रज्ञानानंदा के पास अतिरिक्त प्यादा था, लेकिन सफेद मोहरों की मजबूत स्थिति के कारण 46 चाल में ड्रॉ हुआ।

अंडर-16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग अमरनाथ के शतक व तवीश शर्मा के ऑलराउंड खेल से जीती मोहन क्रिकेट अकादमी व तारीक क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 31 मार्च। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर 16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग का दिन का पहला मुकाबला नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें तारीक क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.2 ओवर में 261 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें तवीश शर्मा ने 93 रन व रयान खान ने नाबाद 39 रन व उदित ने 36 रनों की पारी खेली।

जय भारती क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में प्रियांशु माली ने 5 विकेट व सचिन मीणा ने तीन विकेट लीए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय भारती क्रिकेट एकेडमी 36.2 ओवर में 187 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें प्रियांशु माली ने 48 रन व योजित सैनी ने 24 रनों का योगदान दिया। तारीक क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में मोहन सैनी ने तीन विकेट व विनय शर्मा, चेतन मीना, तवीश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। तारीक क्रिकेट अकादमी ने 74 रन से मुकाबला जीता। दिन का एक अन्य मैच नारायणा क्रिकेट ग्राउंड पर जयपुरिया क्रिकेट अकादमी व मोहन क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें मोहन क्रिकेट अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.5 ओवर में 234 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अमरनाथ ने 134 रन व अली चौधरी ने 27 रनों की पारी खेली। जयपुरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में दिव्यांश ने तीन विकेट और साहिल डुकिया व लक्ष्यराज पारीक ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुरिया क्रिकेट अकादमी 41.1 ओवर में 109 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें रचित पटेल ने 31 रन व पुलकित ने 30 रनों का योगदान दिया। मोहन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में नायफ राशिद ने तीन विकेट और मनीष हरितवाल व रवि कश्यप ने दो-दो विकेट लिए। मोहन क्रिकेट अकादमी ने 125 रन से मुकाबला जीता।

वैभव सूर्यवंशी ने दिग्गजों का तोड़ा रिकॉर्ड 300 की स्ट्राइक रेट वाले खास क्लब में की एंट्री

नई दिल्ली, 31 मार्च। आईपीएल 2026 के तीसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स के युवा 15 साल के ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कमाल की पारी खेली और अर्धशतक लगाते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले में राजस्थान को 8 विकेट से जीत मिली और वैभव ने 17 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली।वैभव ने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 5 बेहतरीन छक्के और 4 चौके भी जड़े साथ ही साथ उनका स्ट्राइक रेट 305.88 का रहा।

वैभव ने अपनी इस पारी के दम पर दो बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम किए जिसमें उन्होंने सुरेश रैना, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे समेत 8 भारतीय बल्लेबाजों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ा साथ ही साथ इस लीग में 300 की स्ट्राइक रेट से 50 प्लस की पारी खेलने वाले बैटर्स की लिस्ट में भी एंट्री मारी।आईपीएल में ये दूसरा मौका था जबकि वैभव ने किसी मैच में पावरप्ले से अंदर ही 50 प्लस की पारी खेली।

इसके साथ ही उन्होंने एक साथ सनी सोहल, सुरेश रैना, अजिंक्य रहाणे, प्रभसिमरन सिंह, नितिश राणा, प्रियांश आर्या, करुण नायर और रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इन सभी भारतीय बल्लेबाजों ने इस लीग में पावरप्ले के अंदर एक-एक बार 50 प्लस की पारी खेलने का कमाल किया था। वैभव ने सीएसके के खिलाफ जो 52 रन की पारी खेली इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 305.88 का रहा। इसके बाद वो आईपीएल में 300 की ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 50 प्लस की पारी खेलने वाले ओवरऑल 10वें बल्लेबाज बने साथ ही साथ ऐसा करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी चौथे घरेलू मुकाबले में चानमारी एफसी से भिड़ने के लिए तैयार

जयपुर, 31 मार्च। राजस्थान यूनाइटेड एफसी इंडियन फुटबॉल लीग के अपने चौथे घरेलू मुकाबले में चानमारी एफसी का सामना करेगी। यह मैच 1 अप्रैल 2026 को विद्याधर नगर स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसकी शुरुआत शाम 4:00 बजे (आईएसटी) होगी। जैसे-जैसे सीजन एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहा है, राजस्थान यूनाइटेड एफसी अपने घरेलू मैदान के लाभ का पूरा उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण अंक हासिल करने का लक्ष्य रखेगी। केवल दो घरेलू मैच शेष रहने के कारण, यह मुकाबला टीम के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने और लीग तालिका में शीर्ष स्थान की ओर बढ़ने का एक अहम अवसर है।

मिजोरम के आइजोल से आने वाली चानमारी एफसी अपनी ऊर्जावान और अनुशासित खेल शैली के लिए जानी जाती है और उनसे कड़ी टक्कर की उम्मीद है। राजस्थान यूनाइटेड एफसी संयम बनाए रखते हुए, खेल पर नियंत्रण स्थापित करने और महत्वपूर्ण मौकों का फायदा उठाने का प्रयास करेगी। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी तथा क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महांकर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं संरक्षक रामप्रसाद भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही विशेष अतिथियों में कुसुम यादव, मेयर, जयपुर हेरिटेज नगर निगम, प्रमोद शर्मा, उद्योगपति एवं समाजसेवी, तथा अजय यादव, उपाध्यक्ष, भाजपा जयपुर शहर शामिल होंगे।

चौथे घरेलू मुकाबले से पहले चेयरमैन के.के. टाक ने कहा: अपने चौथे घरेलू मैच में प्रवेश करते हुए, हमारे लिए अपने समर्थकों के सामने उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाना बेहद महत्वपूर्ण है। टीम ने कड़ी मेहनत की है और मुझे उनके प्रदर्शन पर पूरा विश्वास है। हम अपने प्रशंसकों, राजस्थान यूनाइटेड अल्ट्राज़ से उम्मीद करते हैं कि वे बड़ी संख्या में आकर इस महत्वपूर्ण समय में हमारा समर्थन करेंगे।

राजस्थान के लोकेंद्र सिंह, मान सिंह, अश्लेश पंवार व वीरभद्र सिंह भारतीय हैंडबॉल टीम में

ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैम्पियनशिप ताशकंद में

जयपुर, 31 मार्च। ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में 31 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित हो रही पाँचवी ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप मैं भाग लेने वाली भारतीय पुरुष टीम में राजस्थान के लोकेंद्र सिंह राठौड़, मान सिंह शेखावत, अश्लेश पंवार व वीरभद्र सिंह का चयन हुआ है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय पुरुष हैंडबॉल टीम मंगलवार सुबह ताशकंद पहुँच गई। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में चयनित दौसा के लोकेंद्र सिंह राठौड़ लेफ्ट विंग की पोजीशन पर खेलते है, जयपुर मान सिंह शेखावत राइट बैक पर जबकि जयपुर के ही अश्लेश पंवार राइट विंग की पोजीशन पर, वहीं बांसवाड़ा के वीरभद्र सिंह सेंटर बैक पर खेलते है।